Member of Parliament Local Area Development Scheme

भारत सरकार
सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय
सरदार पटेल भवन, नई दिल्ली -110001
GOVERNMENT OF INDIA
MINISTRY OF STATISTICS & PROGRAMME IMPLEMENTATION
SARDAR PATEL BHAVAN, NEW DELHI-110001
FAX : 23364197
E-mail : mplads@nic.in

फाइल सं. एल/11/09/2009-एमपीलैड्स

Dated 29.11.2011

सेवा में,

जिलाधिकारी,
सिविल स्टेशन,
विद्यानगर,
कसरगोड़े,
केरल-671123.

विषय: **एमपीलैड्स की वेबसाइट शुरू करने के लिए आकस्मिक निधि/प्रशासनिक व्यय के उपयोग के संबंध में ।**

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक अपने पत्र सं.1160/2011/पीके/केएसडी, दिनांक 14.10.2011 का संदर्भ लें ।

2. जिन मदों के संबंध में आकस्मिक निधि का इस्तेमाल किया जा सकता है उनका उल्लेख एमपीलैड्स दिशानिर्देश के पैरा 4.17 में किया गया है । साथ ही, आप इस बात से अवगत होंगे कि एमपीलैड्स की वार्षिक राशि को 2 करोड़ रु. से बढ़ाकर 5 करोड़ रु. करने के बाद मंत्रालय ने 0.5 प्रतिशत आकस्मिक व्यय के स्थान पर दो प्रतिशत प्रशासनिक व्यय शुरू किया है । इसके अनुसार, मंत्रालय ने परिपत्र सं.सी-42/2011-एमपीलैड्स, दिनांक 08.08.2011 (प्रति संलग्न) जारी किया था, जिसमें उन मदों का उल्लेख किया गया था जिस पर जिला/राज्य प्राधिकारी प्रशासनिक व्यय कर सकते हैं ।

3. अत: आप कृपया आकस्मिक व्यय के उपयोग के मामले में (2010-11 की दूसरी किस्त तक प्राप्त निधियों के मामले में) दिशानिर्देश में उल्लिखित प्रावधानों तथा प्रशासनिक व्यय के उपयोग के मामले में (2011-12 की पहली किस्त से प्राप्त निधियों के मामले में) उपर्युक्त उल्लिखित परिपत्र का कड़ाई से पालन करें ।

भवदीया,

मिनी

(मिनी प्रसन्नाकुमार)
उप निदेशक
दूरभाष: 011-23361247

प्रतिलिपि: एनआईसी को वेबसाइट पर डालने के लिए ।